लाखों के जेवर व नकदी चोरी

बीकानेर, (कासं) चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने गुड़ा गांव में एक ही रात में तीन अलग-अलग घरों में घुसकर वारदात को अंजाम देकर लाखों रूपए की नकदी और जेवरात चोरी फरार हो गए।

हादसे के शिकार तीनों लोगों ने कोलायत थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। गुड़ा गांव के रहने वाले आशु सिंह राजपूत ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रात को खाना खाकर वह और उसकी पत्नी नीचे के कमरे में तथा उसका पुत्र ऊपर के कमरे में सो गए थे। सुबह 6 हमने देखा तो घर का गेट खुला हुआ था। तब मैंने और परिवार वालों को घर का समान संभाला तो जिसमें हम रूपए और जेवरात का बक्सा गायब मिला। जिसकी तलाश करने पर वह मकान के पिछवाड़े बाहर खुले में मिला। उसका ताला टूटा हुआ था और वहां पर तीन-चार व्यक्तियों को पैरों के निशान भी मिले।

घर के बाहर सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पास में बक्सा पड़ा मिला। उस बक्से में 60 हजार रूपए नकद, सोने-चांदी के आभूषण थे। इतने में हमारी आवाज सुनकर पड़ौसी मूसे खां व छोटू खां भी आ गए। उन्होंने भी बताया कि हमारे घर में भी रात को अज्ञात चोरी चोरी करके ले गए हैं। मुसे खां के घर से तीन लाख पचास हजार रूपए नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण और छोटू खां के घर से 60 हजार रूपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोर ले गए। रात में चोर कब घर में गुस्से वह वारदात को कब अंजाम दिया मकान मालिकों को इसकी भनक भी नहीं पड़ी। चोरों के पैरों के निशान भी ढक कर रखे गए हैं। घरवालों ने कोई नशीली चीज सुंघाने का अंदेशा जताया है। कोलायत पुलिस ने मौका मुआयना किया।

रोजगार सहायता शिविर में 424 युवाओं का प्राथमिक चयन

बीकानेर, (कासं)। जिला प्रशासन के तत्वावधान में उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय बीकानेर द्वारा शुक्रवार को स्थानीय राजकीय एम.एम. ग्राउंड में एक रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 424 युवाओं का रोजगार हेतु प्राथमिक चयन किया गया जिसमें से 15 युवाओं को मौके पर ही बारह हजार रूपए प्रतिमाह से लेकर साढे तीन लाख रूपए प्रतिवर्ष पैकेज तक के ऑफर लेटर दिए गए।

- **15 युवाओं को मौके पर ही बारह हजार रूपए प्रतिमाह से लेकर साढे तीन लाख रूपए प्रतिवर्ष पैकेज तक के ऑफर लेटर दिए गए**

शिविर में निजी क्षेत्र के 23 नियोक्ताओं ने भाग लिया। वहीं राज्य सरकार के 10 विभिन्न विभागों द्वारा 234 आशार्थियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 231 युवाओं को प्रशिक्षण योजनाओं तथा 16 युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उप निदेशक हरगोबिंद मित्तल ने बताया कि शिविर में लगभग दो हजार लोगों की भागीदारी रही जिनमें से 671 बेरोजगार आशार्थी रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण योजनाओं से लाभान्वित हुए। मौके पर ही नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल गए। शिविर के दौरान पहली बार एयरफोर्स की स्टॉल लगाई गई। ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी इस दौरान की गई।

शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार, शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़, महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना, नाबार्ड के डीडीएम राजेश तांबी, रोजगार अधिकारी चौधरी दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों द्वारा युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 3 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री पालनहार और 2 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के स्वीकृति पत्र दिए गए। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत चेक वितरित किए गए तथा बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही बेटी किट का वितरण किया गया। आरएसएलडीसी द्वारा कौशल आधारित विभिन्न प्रशिक्षणों के लिए 70 युवाओं का चयन किया गया।

जनसंपर्क विभाग द्वारा योजनाओं और उपलब्धियों आधारित साहित्य का वितरण किया गया। शिविर के दौरान बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से युवाओ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक युवा को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर मिले। सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। वहीं निजी क्षेत्र के लिए ऐसे शिविर और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

फोटो -त्तीन-डी-रोजगार सहायता शिविर में युवाओं को भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार ने चयन पत्र वितरित किए।

गर्दन मोड़ने पर मौत, पांच साल की सजा सुनाई

बीकानेर, (कासं)। लूणकरनसर क्षेत्र में कुश्ती के दौरान एक खिलाड़ी की गर्दन मोडने से मौत हो गई थी। करीब दस साल पुराने इस मामले में बीकानेर की एक अदालत ने गर्दन मोड़ने वाले खिलाड़ी को पांच साल की सजा सुनाई है। जमानत पर चल रहे इस युवक को अब गिरफ्तार करके जेल भेजा जायेगा।

अपर सेशन न्यायाधीश संख्या चार की अदालत में पीठासीन अधिकारी मुकेश कुमार सोनी ने सजा सुनाई है। लूणकरनसर के अजीतमाना गांव में 27 मई 2015 को ये हादसा हुआ था। परिवादी रजिराम ने आरोप लगाया था कि बीरबलराम व नंदूराम ने चंदूराम नामक युवक की गर्दन जबरन मरोड दी। उसे पीबीएम अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप था कि शराब के नशे में जानबूझकर चंदूराम को मारा गया। ये हत्या का मामला है।

वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि चंदूराम के साथ कुश्ती करते हुए उसको जमीन पर पटककर गर्दन को मोड़ दिया। आरोप है कि ये पता था कि गर्दन को इस तरह से मोड़ने पर मौत हो सकती है। इसके बाद भी जानबूझकर ऐसा किया गया। आरोप पत्र में निष्कर्ष दिया गया कि चंदूराम की आरोपियों से किसी तरह की कोई दुश्मनी नहीं थी। जांच में रूपए मांगना प्रमाणित नहीं हुआ। बल्कि ये पाया गया कि चंदूराम को बीरबलराम ने जांघों के नीचे हाथ डालकर गर्दन की तरफ से जमीन पर पटकनी देने का प्रयास हुआ था। इसी दौरान गर्दन टूट गई और चंदूराम की मौत हो गई। अदालत ने साक्ष्य देखने के बाद बीरबलराम को पांच साल साधारण कारावास का फैसला सुनाया है।

सार-समाचार

सुरेन्द्र बोथरा की स्मृति सभा आयोजित

बीकानेर में सुरेन्द्र बोथरा की स्मृति सभा को मुनि विनोद कुमार ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने फरमाया कि स्व. सुरेन्द्र बोथरा सहज, सरल और शान्त स्वभाव का व्यक्ति था और उसने ऐसा ही जीवन जीया। माणकचन्द, मूलचन्द, सुरेन्द्र से लेकर अभी तक यह पूरा बोथरा परिवार गुरू भक्ति में समर्पित रहता है। गुरू चाहे कहीं पर हो इनका चैका चलता रहता है। इनकी संघ भक्ति चलती रहती है। यह परिवार अपने इस गौरव को अक्षुण बनाये रखेंगे। मुनि डॉ. विनोद कुमार ने स्मृति सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संसार अपने नियमों से चलता है। इस पर किसी का जोर नहीं चलता है। इन नियमों को स्वयं तीर्थंकर भगवान भी नहीं टाल सकते। आयुष्य को बढ़ाना स्वयं भगवान के हाथ में भी नहीं हैं। यह शरीर क्षण भंगुर है जो संसार में आया है उसे जाना पड़ेगा। सुरेन्द्र व उनके पूरे परिवार पर तीन तीन गुरूओं का आशीर्वाद था। मुनि मुकेश कुमार ने आचार्य महाश्रमण से प्राप्त संदेश का वाचन किया। मुनिश्री प्रबोध कुमार ने साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा से प्राप्त संदेश का वाचन किया। मुनिश्री श्रेयांस कुमार स्वामी व सभी संतों ने गीतिका प्रस्तुत की। तेरापंथी महासभा के संरक्षक व गंगाशहर तेरापंथ न्यास के ट्रस्टी जैन लूणकरण छाजेड़ ने कहा कि तेरापंथ के गुरूओं के कृपा पात्र सुरेंद्र बोथरा के चले जाने से एक रिक्तता समाज में आयी है। आत्मा का आयुष्य का बंद जितना होता है उससे आगे क्षण भर भी जीवन नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा की स्व. मूलचंद बोथरा, स्व. सुरेंद्र बोथरा के मन में हमेशा यही भावना रहती थी कि गुरूदेव का चातुर्मास यहां हो।

कोर्ट में कानून की बारीकी समझी

बीकानेर, (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आज न्यायिक कार्यवाहियों के व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान की जानकारी के अन्तर्गत बीकानेर के विभिन्न न्यायालयों का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्रायोगिक प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास ने बताया कि विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के व्याख्याताओं डॉ बाल मुकुन्द व्यास, डॉ. शराफत अली, डॉ. प्रीति कोचर, डॉ. पीयूष किराडू, पवन सारस्वत, सुनीता लूणिया, अंजुमत उस्ता, चेतना ओझा, सुश्री राजश्री सुथार और राकेश रंगा के नेतृत्व में अलग- अलग समुह बनाकर विभिन्न न्यायालयों में चल रही सिविल एवं फौजदारी प्रकरणों के विभिन्न स्तरों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वकीलों की बहस को सुना व प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों का अवलोकन किया व न्यायालय की तकनीकी प्रक्रियाओं को जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या 2 में पीठासीन अधिकारी लोकेन्द्र सिंह शेखावत के न्यायालय में सिविल वाद संख्या 3890/2014 रामकिशन बनाम नथमल में बचाव पक्ष की साक्ष्य तथा क्रीमिनल मामले 26/2020 अशोक कुमार बनाम राज्य के मामले में चल रही प्रक्रिया के बारे में जाना। इसी क्रम में महिला उत्पीडन न्यायालय में विद्यार्थियों ने दहेज से सम्बन्धित मामले में प्रक्रिया को देखा तथा समझने का प्रयास किया। पीठासीन अधिकारी रैना शर्मा के न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता ओम हर्ष तथा लोक अभियोजक के मध्य 498अ के मामले में अन्तिम बहस चल रही थी, जिसे विद्यार्थियों ने बारीकी से समझने की प्रयास किया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी तथा विद्वान अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों को उक्त मामले में कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या 5 में राज्य बनाम अल्ताफ अहमद के मामले में अधिवक्ताओं के द्वारा मामले में प्रति परीक्षा से संबंधित प्रणाली को समझा।

बैंक यूनियन की हड़ताल स्थगित

बीकानेर, (कासं)। उप संयोजक रामदेव राठौड़ ने बताया कि आज यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंनस व आई बी ए के मध्य हड़ताल को लेकर मुम्बई में वार्ता संपन्न हुई। समझौता बैठक आज सुबह से हुई। हमारी मांगों पर गंभीर चर्चा हुई। आईबीए और डीएफएस मौजूद थे। डीएफएस के संयुक्त सचिव ने वीडियो कॉल पर बात की और 5 दिवसीय बैंकिंग के मुद्दे पर एफएम और डीएफएस सचिव के बीच हुई सकारात्मक चर्चा के बारे में जानकारी दी। आईबीए ने भर्ती और पीएलआई और अन्य मुद्दों पर आगे चर्चा करने का प्रस्ताव रखा। सीएलसी ने बताया कि वह 5 दिवसीय बैंकिंग के कार्यान्वयन सहित मुद्दों की सीधे निगरानी करेंगे। बैठक को अप्रैल के तीसरे सप्ताह में फिर से आयोजित करने के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस सकारात्मक विकास को देखते हुए हमारी हड़ताल को एक या दो महीने के लिए स्थगित करना आवश्यक समझा गया। इस प्रकार इकाईयों को सूचित किया जाता है कि 24 और 25 तारीख को हमारी हड़ताल स्थगित कर दी गई है।

'पहले खोदे गड्ढों का पैचवर्क कराएं, बाद में अगले काम करें'

बीकानेर, (कासं)। शहर भर में सीवरेज के लिए खोदे गड्ढे पाटने के बाद उस पर पैचवर्क न कराने को लेकर पीडब्लयूडी खफा है। लगातार तीसरी बार नगर निगम को नोटिस देकर कहा गया कि फर्म को पाबंद करें कि पहले जो गड्ढा खोदा वहां काम करके उसका पूरा पैचवर्क करें फिर आगे दूसरा गड्ढा खोदें।

शहर में आये दिन दुघर्टनाएं हो रही हैं। अब भी नोटिस को अनसूना किया तो काम की स्वीकृति निरस्त कर दी जायेगी। ग्राउंड पर देखें तो मोहता चौक से तेलीवाड़ा आने वाला पूरी सड़क खुदी पड़ी है। हर 20 फीट पर गड्ढे हैं। दाऊजी मंदिर तक यही हालात हैं। चूनगरों के मोहल्ले से लेकर डीआरएम आफिस के आगे अम्बेडकर सर्किल वाली रोड तक जगह-जगह गड्ढे खोदे गए थे। जहां काम हो गया वहां मिट्टी से पाट दिया। मिट्टी बैठ गई। इसलिए सड़क के लेवल से गड्ढा नीचे हो गया। इसलिए झटके लग रहे हैं। गड्ढा नीचे होने के कारण आसपास की भी सड़क टूटने लगी है।

- **पीडब्लयूडी ने सीवरेज फर्म को दी हिदायत**

नगर निगम के आगे जो गड्ढे खोदे थे वहां पैचवर्क इसलिए कर दिया। क्योंकि यहां निगम आयुक्त से लेकर तमाम अधिकारी रोज हालात देखते हैं लेकिन तीन गेट से लेकर फोर्ट डिस्पेंसरी और जूनागढ़ के आगे अभी भी पेचवर्क नहीं हुआ।

जूनागढ़ के पास तो अभी एक गड्ढे में काम चल रहा है। तुलसी सर्किल से अम्बेडकर चौराहे तक ही पैचवर्क सही नहीं किए गए। अम्बेडकर सर्किल पर अभी भी हालात वैसे ही हैं। जानकार कहते हैं कि फर्म के इंजीनियर काम के हिसाब से काम कर रहे हैं। उनके पास न तो ट्रैफिक प्लान है न ही ट्रैफिक विभाग को सूचित करते हैं। वो तो मुश्किल हालात होते तब पुलिस और ट्रैफिक को सूचना देते हैं। शहर के ट्रैफिक का मिजाज भी नहीं पता कि अगर कोई रास्ता बंद होगा या खुदेगा तो उसका वैकल्पिक रास्ता क्या है। जाम न लगे उसके लिए क्या करें।

मयंक मनीष, आयुक्त नगर निगम बीकानेर का कहना है कि कई बार ऐसी स्थिति होती है कि दो जगह खोदे बिना पाइप और लाइन का लिंक नहीं होता। फिर भी जो पुरानी खामियां हैं उनको सुधारते हुए आगे काम कर रहा हूं। रवीन्द्र माथुर, फर्म सुपरवाइजर फर्म को पाबंद किया है। तीन गेट पर पूरी तरह ट्रैफिक खुलवा दिया। फोर्ट डिस्पेंसरी के सामने भी जल्दी काम खत्म करने के लिए कहा है।

गवाह को जाने से मारने की धमकी

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीकरणपुर में एक व्यापारी को हिस्ट्रीशीटर के साथी द्वारा धमकी देने का मामला सामने आया है। मामला गवाही देने से जुड़ा है। पीड़ित अजय ग्रोवर उर्फ मोंटी ने एसपी ऑफिस में शिकायत दी थी, जिसके बाद एसपी से प्राप्त ई-मेल के आधार पर स्थानीय श्रीकरणपुर थाने में अब मुकदमा दर्ज किया गया है।

11 मार्च को अजय दोपहर करीब 3:15 बजे दुकान से चाय-समोसा लेकर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अमित चौधरी उर्फ राका चौधरी ने उसे रोक लिया। राका ने कहा कि अजय ने एक मामले में वकील विशाल भारती वर्मा के पक्ष में और साहिल अरोड़ा के खिलाफ गवाही दी है। राका ने बताया कि साहिल अरोड़ा ने उसे यह संदेश देने भेजा है कि अजय उसके पास जाकर माफी मांग लें। साथ ही थाने जाकर अपना बयान बदल दें। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। राका ने यह भी कहा कि वकील विशाल भारती वर्मा को भी जान से मार देंगे।

दुर्गन्ध कम होने पर करेगी एफएसएल टीम छानबीन

बीकानेर, (कासं)। बल्लभ गार्डन में फैमिली सुसाइड मामले में पुलिस घर की तलाशी लेगी। इस दौरान सुसाइड नोट या फिर कोई सुराग मिलने की उम्मीद की जा रही है। उधर पत्नी और बेटी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मिल सकती है। दरअसल अभी पुलिस को ये पता लगाना है कि पत्नी और बेटी की मौत कैसे हुई। क्योंकि उनकी लाश कमरे के बाहर पड़ी हुई मिली थी।

- **बल्लभ गार्डन में फैमिली सुसाइड मामले में घर की तलाशी होगी**
- **दुर्गन्ध के कारण घर में नहीं घुस सके पुलिसकर्मी**

करीब पंद्रह दिन पहले नीतिन खत्री ने अपने कमरे में सुसाइड कर लिया था। माना जा रहा है कि सुसाइड करने से पहले उसने पत्नी और बेटी को मारा था। प्रथमदृष्ट्या दोनों को जहर दिया गया था। ये जहर दोनों ने जानबूझकर खुद खाया है या फिर इन्हें धोखे से दिया गया। इसका पता लगाया जा रहा है। अगर जहर जानबूझकर खाया है तो नीतिन ने स्वयं फंदा क्यों लगाया। इसका जवाब भी अब तक पुलिस के पास नहीं है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि पूरा घटनाक्रम क्या रहा है और तीनों की मौत कितने दिन पहले हुई है। पुलिस को इस पूरे मामले में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। दरअसल जिस दिन पुलिस को घटना का पता चला, उस दिन घर में दुर्गन्ध थी। दस-पंद्रह दिन पुरानी तीन लाशें पूरी तरह सड़ चुकी थी। पुलिस अब यहां सेनेटाइजेशन करवायेगी। दुर्गन्ध कम होने के बाद ही पुलिस व एफएसएल की टीम छानबीन कर सकेगी।

बिल जमा होने के बाद भी कनेक्शन काटा

बीकानेर,(कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में स्थित एक सरकारी हॉस्पिटल का कनेक्शन बिजली बिल बकाया बताते हुए काट दिया गया।

वहीं हेल्थ डिपार्टमेंट का कहना है कि फरवरी तक का बिल जमा होने के बाद भी कनेक्शन काटा गया। उधर क्षेत्र के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। तब देर रात वापस कनेक्शन जोड़ दिया गया। मामला, श्रीडूंगरगढ़ के रिड़ी स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र का है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खंभे से कनेक्शन काट दिया। कर्मचारियों का कहना है कि करीब 85 हजार रूपए का बिल जमा नहीं है। देर रात तक लोग अंधेरे में बैठे रहे। कुछ लोगों का इलाज भी इसी कारण नहीं किया जा सका।

- **श्रीडूंगरगढ़ में सरकारी हॉस्पिटल का बिजली कनेक्शन काटा**

स्थानीय लोगों को बिजली कनेक्शन काटने का पता चला तो विरोध-प्रदर्शन किया गया। हॉस्पिटल में टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करना पड़ा। मामला हेल्थ डिपार्टमेंट के आला अधिकारियों तक पहुंचा तो बताया गया कि फरवरी 25 तक का बिजली बिल जमा करवाया जा चुका है। ये राशि खाते में जमा हुई है। इसके बाद भी लापरवाही करते हुए कनेक्शन काट दिया गया।

हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने रोहित निवासी छजगरिया मौहल्ला को तीन ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।

देर शाम मौसम विभाग रोड पर ओवरब्रिज के पास पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक ने पुलिस टीम को देखकर छिपने की कोशिश की। युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की तो वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। इस पर युवक की तलाशी ली गई तो 3 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। एसआई बलवंत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना थी कि क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशे की तस्करी कर रहा है।

25 मार्च से नहरबंदी की तैयारी, पहले पीने के पानी का प्रबंध होगा

बीकानेर, (कासं)। इंदिरा गांधी नहर की 25 मार्च से प्रस्तावित नहरबंदी के बीच प्रशासन ने पीने के पानी का पुख्ता प्रबंध करने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल नहर प्रशासन 25 मार्च से आंशिक रूप से नहर बंदी कर रहा है। जबकि 26 अप्रैल से पूर्ण नहरबंदी प्रस्तावित है। ऐसे में बीकानेर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों को पीने के लिए पानी पहले से उपलब्ध कराया जायेगा।

जिला कलेक्टर ने इस संबंध नहर विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इससे पहले संभागीय आयुक्त रवि सुरपुर भी अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं। जिले में आगामी नहरबंदी के दौरान पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक हुई। बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया, इंगानप के अधीक्षण अभियंता विवेक गोयल मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने नहर में उपलब्ध पानी तथा सभी स्त्रोतों को पूर्ण क्षमता से भरने व नहरबंदी के दौरान पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

- **अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरबंदी से पूर्व सभी स्त्रोतों को पूर्ण क्षमता से भर लें**

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को नहरबंदी/ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। इंगानप विभाग सुनिश्चित करेगा कि पूर्ण नहरबंदी से पूर्व जलदाय विभाग के हैडवर्क की सभी डिग्गियां पूर्ण क्षमता से भरे जाएं। इसके अतिरिक्त नहरों में जहां पोंडिंग हो सकती है, वहां जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सामंजस्य से पोंडिंग करवाएं जो कि अतिरिक्त भण्डारण के रूप से पूर्ण नहरबंदी के दौरान उपयोग में लिया जा सकेगा। जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नहरबंदी से पूर्व सभी स्त्रोतों को पूर्ण क्षमता से भर लें। नहरबंदी की अवधि व उपलब्ध भण्डारण के अनुसार पेयजल वितरण नियंत्रित कर दें।

किसानों को आधुनिकतम तकनीक से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सुनियोजित कृषि तकनीक विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ अरुण कुमार ने किसानों को आधुनिकतम तकनीक का उपयोग कर खेती करते हुए मुनाफा अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यदि खेती को योजनाबद्ध तरीके से किया जायेगा तो न केवल संसाधनों का सदुपयोग हो सकेगा बल्कि खेती लाभदायक साबित होगी तथा किसान समृद्ध बनेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों का कृषि की नवीनतम तकनीकों से परिचय करवाते हुए इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

प्रशिक्षित किसान विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में खेती से जुड़े ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करें। किसान अपनी सफलता, अनुभव विश्वविद्यालय के साथ भी साझा करें जिससे अन्य किसानों को भी इन तकनीकों का लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि आधुनिक तकनीक का अधिकतम लाभ जमीनी स्तर पर किसानों को मिल सकें। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को विश्वविद्यालय में हाइड्रोपोनिक्स तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से संसाधनों का संतुलित उपयोग करने का आव्हान किया। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ प्रदीप पगारिया ने कहा कि खेती मुनाफा देने वाली बनें, इसके लिए सुनियोजित खेती में लागत को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मृदा, खाद, बीज उर्वरक बाजारीकरण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर ट्रेनिंग दी जाती है।

सुनियोजित कृषि तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण को कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने संबोधित किया।

- **सुनियोजित कृषि तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित**

एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध

हनुमानगढ़, (कासं)। टिब्बी में बन रही ऐशिया की सबसे बड़ी एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में जनता ने पैदल मार्च निकलते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

दरअसल यह पैदल यात्रा 'प्रकृति बचाओ, प्रदूषण हटाओ' नारे के साथ टिब्बी से रवाना हुई थी। जो हनुमानगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंची थी। कलेक्ट्रेट गेट पर हुए विरोध प्रदर्शन में महिलाएं, पुरूष, सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एथेनॉल फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट से भूमि, जल और वायु प्रदूषित होंगे। जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और कृषि पर गंभीर असर पड़ेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण के खतरे से लोगों को अवगत कराना और फैक्ट्री के निर्माण को रोकने की मांग को सरकार तक पहुंचाना था। एथेनॉल इको-फ्रेंडली फ्यूल है। यह एक तरह का अल्कोहल है, जिसे पेट्रोल में मिलाकर गाडियों में इस्तेमाल किया जायेगा। सरकार ने अभी गन्ना-चावल व मक्का से एथेनॉल बनाने की अनुमति दी है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17/03/2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 54 के किला नं. 24 में माप 30 इन्दू 50 फीट श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 724 दिनांक 06.06.2013 को श्रीमती कुन्ती देवी पत्नी श्री मीत्रसैन के नाम से नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। श्रीमती कुन्ती देवी की मृत्यु उपरान्त श्री मित्रसेन जैन द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06.05.2024 की प्रति प्रस्तुत कर न्यास द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं वसीयतनामें का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3790 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.3.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 52 के किला नं. 7, 8 में माप 40 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या एसवाई-12, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 5322 दिनांक 19.12.2007 को श्री पाल जैन एचयूएफ पुत्र श्री लालचन्द जैन के नाम से नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। श्रीमती नीतू बंसल पत्नी श्री अनिल बंसल निवासी 2-ए-12, सुखाड़ियानगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.12.2013 की प्रति प्रस्तुत कर न्यास द्वारा पूर्व में जारी पटटे एवं बैयनामे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 को नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/3743 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 19/03/2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 09 में भूखण्ड माप 29'-3'' गुणा 62'-6'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती दयावन्ती पत्नी श्री दुर्गा दत, निवासी सरकारी हॉस्पीटल के पीछे, वार्ड नं. 10, गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार